भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1913
गुरुवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तरलाई विमानपत्तन से वाणिज्यिक विमान सेवाएँ

1913. श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की राजस्थान के बाड़मेर जिले में उत्तरलाई वायु सेना स्टेशन से उड़ान योजना के अंतर्गत नियमित वाणिज्यिक विमान सेवाएँ शुरू करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा वहाँ से अनुसूचित वाणिज्यिक विमान परिचालन शुरू होने में विलंब के कारण क्या हैं;

(ग) क्या इस परियोजना के समय पर कार्यान्वयन को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान करने के लिए कोई समीक्षा की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या ऐसी समीक्षा के पश्चात कोई सुधारात्मक उपाय किए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के स्वामित्व वाले उत्तरलाई हवाईअड्डे की उड़ान योजना के तहत विकास के लिए पहचान की गई है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने बाड़मेर के उत्तरलाई एयरफोर्स स्टेशन में सिविल एन्क्लेव की स्थापना के लिए राजस्थान सरकार से 50 एकड़ भूमि की मांग की है, जिसे अभी तक भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सुपुर्द नहीं किया गया है। हवाई सेवाओं की शुरुआत हवाईअड्डे के तैयार होने के अध्यधीन है।

******